मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 28, मुंबई, बुधवार, 14 मई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर







# 3 दिन के अंदर मुंबई में होगा बम धमाका!

## ईमेल से मिली धमकी

### सुरक्षा एजेंसियां सर्तक

## पूरे मुंबई में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव की पृष्ठभूमि में मुंबई में अगले तीन दिनों के भीतर बम धमाका होने की धमकी वाला एक ई-मेल प्राप्त हुआ है, ऐसी जानकारी सूत्रों ने दी है। यह ई-मेल मुंबई पुलिस को भेजा गया है और साइबर पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है। मुंबई पुलिस सतर्क हो चुकी है, हालांकि अधिकारियों ने नागरिकों से घबराने की जरूरत नहीं है। यह ई-मेल सोमवार को राज्य पुलिस द्वारा मुंबई पुलिस को सूचित किया गया था, जिसके बाद सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। यह धमकी भरा ई-मेल ममता बोरसे नामक ई-मेल आईडी से सोमवार को भेजा गया था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# 'मोबाइल वैन' शुरू करेगी महाराष्ट्र सरकार



## जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा घर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र देवेंद्र फडणवीस सरकार जल्द ही सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीमों के साथ मिलकर शहरों में निराश्रित बच्चों को पुनर्वासित करने, चिकित्सा जांच व परामर्श जैसी सुविधाएं प्रदान करने और उन्हें शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मोबाइल वैन शुरू करेगी। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को इस योजना के राज्यव्यापी कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने इस योजना के राज्यव्यापी कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# क्रिकेट के बाद राजनीति की तैयारी?

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिले रोहित शर्मा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास लेकर अपने फैंस को निराश कर दिया। सभी को लग रहा था कि वह इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, लेकिन उससे पहले उनके संन्यास के ऐलान ने सभी को चौंका दे दिया। इसी बीच अब रोहित के राजनीति में आने की खबरें भी तेज हो गई हैं, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आधिकारिक आवास वर्षा में मुलाकात की है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### नए चैप्टर के लिए दी बधाई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा का मेरे आधिकारिक आवास पर स्वागत है। उनसे मिलकर और बात करके बहुत खुशी हुई। मैं उन्हें टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट पर शुभकामनाएं देता हूं और उनके करियर के अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं देता हूं!

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### नैटेरिव संभालने के लिए?

**भाजपा देश भर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। वे क्या बोलेंगे, यानी उनके टॉकिंग प्वाइंट्स क्या होंगे, उसका संकेत प्रधानमंत्री ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में दिया।**

सत्ता पक्ष को शायद अहसास है कि बीते 11 साल में पहली बार ऐसा हुआ है, जब राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कथानक उसके साथ से फिसल गया है। ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में अचानक हुए युद्धविराम पर उससे ऐसे हलकों से भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जो आम तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सत्ताधारी समूह के नजरिए से इत्तेफाक रखते हैं। संभवतः इसी अहसास का नतीजा है कि सोमवार को अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन का कार्यक्रम बना और साथ ही खबर आई कि 13 से 23 मई तक भारतीय जनता पार्टी देश भर में तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता लोगों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। वे क्या बोलेंगे, उसका संकेत प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दिया। बल्कि ये कहा जा सकता है कि उन्होंने तिरंगा यात्रा में जाने वाले कार्यकर्ताओं को टॉकिंग प्वाइंट्स दिए। सार यही होगा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के सीने पर वार किया गया और वहां आतंक के ढांचे को नष्ट कर दिया गया है। इससे घबराए पाकिस्तान ने (डीजीएमओ के जरिए) जब भारत से संपर्क किया और वादा किया कि आगे वहां आतंक को संरक्षण नहीं दिया जाएगा, तब युद्धविराम के जरिए भारत ने पाकिस्तान को एक मौका दिया है। मगर ये बातें गले नहीं उतरतीं, क्योंकि दस मई के बाद से उठे कई अहम सवालों के जवाब प्रधानमंत्री के भाषण से नहीं मिले। मसलन, युद्धविराम कराने में अमेरिका की क्या भूमिका रही, क्या भारत तटस्थ स्थल पर पाकिस्तान से बातचीत के लिए राजी हुआ है, क्या साढ़े तीन तीन की कार्रवाई के दौरान भारत को लड़ाकू विमानों का नुकसान हुआ, और इस पूरे प्रकरण में- चाहे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद हो या आईएमएफ बोर्ड- भारत दुनिया में अकेला खड़ा क्यों नजर आया? प्रधानमंत्री ने कहा कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं हो सकते, लेकिन लगे हाथ यह संकेत भी दिया कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके के सवाल पर वार्ता के लिए तैयार है। तो कुल मिलाकर प्रश्न अनुत्तरित रहे। नैरेटिव का क्या होगा, यह अलग सवाल है।

# हर हिन्दुस्तानी की आवाज : हां मुझे पाकिस्तानी जल्लाद मुनीर पर गुस्सा आता हैं, था और रहेगा क्योंकि...

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** अभी हाल ही में कुछ दिन पूर्व पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकी कुत्तों, गुन्डों, कायरों ने अपनी नापाक हरकत को अंजाम देते हुए पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मुनीर के कहने पर अंजाम दिया गया था और हम ये बात यूं ही हवा में नहीं कह रहे बल्कि खुद पाकिस्तान के नामी-गिरामी पत्रकार ने सेनाध्यक्ष मुनीर की सहमति से भारत में यह आतंकी हमला होने का दावा किया है। तो लानत-मलामत हैं कायर मुनीर तुझपे और तुझ जैसे सपोले को पैदा करने वाली उस मां पर जो मां होने के नाम पर कलंक है। मुझे ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों के दिलों में तेरे प्रति जबरदस्त गुस्सा हैं और हमेशा रहेगा क्योंकि इस हमले के अंदर एक मां के अपने बेटे के सर पर वात्सल्य और प्रगाढ़ ममता का आंचल उन गद्दार पाकिस्तानी आतंकियों ने सुना कर दिया। मैंने उन पत्नियों की आंखों में विरह की वेदना का असीम दर्द महसूस किया जिनके पीछे उनके हमसफर का कभी भी नहीं लौटने का बेपनाह दर्द छुपा था।



मैंने उन बहनों की पथराई आंखों में अकल्पनीय दर्द को महसूस किया है जो जिंदगी में कभी भी ना मिटने वाला है। मैंने उस पिता की रुहांसी आंखों में उस बूढ़े चेहरे पर पड़ती झुर्रियों के पीछे छिपे हुए अपने बुढ़ापे के सहारे और बेटे की जिम्मेदारी के दर्द को महसूस किया जो एक पिता का सहारा कभी नहीं बनेगा? अभी हाल ही में कुछ दिन पूर्व पहलगाम में पाकिस्तान परस्त आतंकी हमला हुआ था जो वाकई दिल को झकझोर रख देने वाला है। ये आतंकी हमला अकल्पनीय, अविश्वसनीय था और पूरे देश के लोगों ने जमकर इस हमले का अपने अपने तरीके से प्रतिकार किया था और जब घर में घुसकर भारत ने जवाबी हमला किया तो पाकिस्तान का तिलमिलाना स्वाभाविक था। आतंकियों की ये बात देश के लोगों को बहुत अधिक नागवार गुजरी कि उनके द्वारा भारतीयों को धर्म पूछकर मौत के घाट उतारा था। और भारत द्वारा जवाबी हमला होना ही था।पाकिस्तान पर जवाबी हमले से हिन्दुस्तानियों में सुकून तो है पर आम संतुष्टी नहीं है क्योंकि जब तक पाकिस्तानी आतंक की पूरी तरह कमर तोड़ी नहीं जाती तब तक पाकिस्तान छिट-पुट आतंकी हमले करने से बाज नहीं आएगा इसलिए आतंकवाद को नेस्तनाबूत करना आवश्यक हैं।

# सुमय्या अली इनका किया गया जाहीर सत्कार

**12 मे 2025** को विश्राम सभागृह पर 12 मे को सुमय्या अली राष्ट्रीय अध्यक्षा नारीशक्ती सेवा फाऊंडेशन इनका सत्कार किया गया ये सत्कार सूमय्या अली को मिले महाराष्ट्र शासन के जिल्हा युवा पुरस्कार के उपलक्ष मे किया गया सुमय्या अली पिछले कई सालो से सामाजिक कार्य मे कार्यरत है अभी तक उन्होने एड्स लोकसंख्या वाढ, वृक्षरोपण, व्यसनमुक्ती, साफसफाई अभियान, छोटे गरीब बच्चो को मुक्त पुस्तके, कपडो का वाटप, दिन दलित गरीब कष्टकरी कामगार शोषित पीडित युवक महिला और शेतकरी इन्हे नियाय दिलाने के लिए हमेशा प्रयत्न शील रहे है सुमय्या अली ने हमेशा गरजू गरीब लोगो को बहुत बार रक्तदान करके उनकी जान बचाई है उसी प्रकार से कोरोना काल मे गरजू गरीब मरीजो को ऑक्सिजन उपलब्ध करवा के दिया है दुर्घटना होने पर जखमी लोगो की सहायता करके उनकी जान बचाने का काम किया है सर्वधर्म संभव की दृष्टि से ईद मिलन, दिवाली मिलन, दशेरा मिलन, गणेशोत्सव, दुर्गा उत्सव, पोलीस प्रशासन को सहयोग किया है, बच्चो को शिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित कीया है महिला सशक्तिकरण किया है युवाओ को क्रीडा क्षेत्र के लिये प्रोत्साहित किया है सांस्कृतिक कार्यक्रम लिये है ऐसे अनेक कार्य सुमय्या अली इन्होने अपने नारीशक्ती




सेवा फाऊंडेशन के माध्यम से किया है जिनकी दाखल लेते हुए उन्हे राष्ट्रीय समाज भूषण पुरस्कार राष्ट्रीय संघर्ष नायक पुरस्कार राष्ट्रीय सेवार्थ पुरस्कार जिजामाता पुरस्कार त्याग मूर्ती माता रमाई आंबेडकर गौरव पुरस्कार महिला सन्मान पुरस्कार विदर्भ इस्त्री मातु शक्ती सन्मान पुरस्कार स्वामी विवेकानंद पुरस्कार बेस्ट सोशल वर्कर अवॉर्ड राज्यस्तरीय गुणगौरव पुरस्कार महिला कार्य गौरव रत्न पुरस्कार महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार असे अनेक पुरस्काराचे पुणे सन्मानित किया गया है इन सभी की दखल लेते हुए महाराष्ट्र शासन का जिल्हा युवा पुरस्कार प्रदान किया गया था इन सभी की दखल लेते हुए राष्ट्रवादी पार्टी के आमदार ऍड्रेस माज्याकडे उसी प्रकार से आमदार अमोलजी मिटकरी और जिल्हाध्यक्ष बद्रुजमा जी और कॉंग्रेस पार्टी के आमदार साजिद खान पठाण इन्होने शॉल, श्रीफळ, पुष्पगुच्छ और मेमोरेन्डम देकर सुमय्या अली का सत्कार किया सत्कार होने के बाद सुमय्या अली इनका सभी ओर अभिनंदन किया जा रहा है

# पलक झपकी, तो क्यों?

**दोनों देशों में एक दूसरे की वस्तुओं पर दस फीसदी टैरिफ लगेगा। चूंकि ट्रंप प्रशासन ने चीन पर मादक पदार्थ फेंटानील भेजने का आरोप लगाते हुए अतिरिक्त शुल्क लगा रखा है, तो फिलहाल अमेरिका में चीनी आयात पर व्यावहारिक टैरिफ 30 प्रतिशत रहेगा।**

राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर को लेकर अमेरिका और चीन के बीच जिनेवा में हुई उच्चस्तरीय वार्ता अपेक्षा से अधिक सफल रही। संभावना जताई गई थी कि बातचीत के पहले चरण में कोशिश आपसी भरोसा बनाने तक सीमित रहेगी। लेकिन दो दिन की वार्ता के दौरान दोनों देश एक- दूसरे के आयात पर शुल्क में भारी कटौती के लिए राजी हो गए। अब दोनों देशों में एक दूसरे की वस्तुओं पर दस फीसदी टैरिफ लगेगा। चूंकि ट्रंप प्रशासन ने चीन पर मादक पदार्थ फेंटानील भेजने का आरोप लगाते हुए उसके दंड के रूप में चीनी वस्तुओं पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा रखा है, तो फिलहाल अमेरिका में चीनी आयात पर व्यावहारिक टैरिफ 30 प्रतिशत रहेगा। फेंटानील के मुद्दे पर दोनों देश अगले दौर की वार्ताओं में चर्चा करेंगे। इस बात ने ध्यान खींचा है कि चीन ना तो रेयर अर्थ सामग्रियों के निर्यात पर लगाई रोक हटाने पर राजी हुआ है, ना ही अमेरिका से अधिक खरीदारी का वादा उसने किया है। फिर भी ट्रंप प्रशासन उसकी वस्तुओं पर आयात शुल्क को 145 से घटा कर 30 फीसदी करने पर राजी हो गया। खुद अमेरिकी विश्लेषकों ने कहा है कि पलकें पहले ट्रंप ने झपकाईं, और फिर चीन ने भी इसका फायदा उठाया। अमेरिका के रिटेल स्टोर्स खाली हो रहे थे, जिससे वहां चीजों की किल्लत और महंगाई के अंदेशे गहराते जा रहे थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# भिवंडी में 45 लाख के जाली नोट के साथ 6 गिरफ्तार

**मुंबई।** ठाणे पुलिस आयुक्त क्षेत्र में क्राइम ब्रांच ने भिवंडी में नकली नोटों का पूरा जखीरा बरामद किया है ।पुलिस ने कुल 45लाख 50हजार रुपए के नकली नोट बरामद कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है ।ठाणे पुलिस उप आयुक्त अमर सिंह जाधव ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि भिवंडी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवाने को प्राप्त सूत्रों से ज्ञात हुआ था कि इस क्षेत्र में नकली नोट धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं ।इसके बाद क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस आयुक्त शेखर बागड़े को भिवंडी के अवांचित पाड़ा में नकली नोट चलाने वाले संदिग्ध आरोपियों के आने की सूचना मिली थी। वरिष्ठ पुलिस



निरीक्षक जनार्दन के निर्देश पर सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार के नेतृत्व में भिवंडी में 3मई 2025की रात सवा नौ बजे तीन संदिग्ध आरोपी (1) सूरज तनाजी शैडे,(2) भरत बालकु सासे तथा (3) स्वप्निल जगदीश पाटील को भिवंडी से गिरफ्तार कर 500रुपए के 60 बंडल (प्रति बंडल 100नोट) सहित तीस लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए गए ।इसके बाद क्राइम ब्रांच पुलिस द्वारा दूसरे दिन 4मई को भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने के बाद गिरफ्तार तीन आरोपियों के अन्य तीन साथियों का पता चला था। इसके बाद 5 मई को रात पौने दस बजे शांति नगर भिवंडी पुलिस ने इस गैंग का प्रमुख (4) रामदास शालिक दलवी को गिरफ्तार किया साथ ही उनके सहयोगी (5) विजय सुदामा कर्नेकर और (6) शेखर रामदास को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस को इनके पास से 15 लाख 50 हजार के नकली नोट के साथ ,नोट छापने की प्रिंटर मशीन,नोट प्रिंट करने के कागज,नोट कटर मशीन और लैपटॉप भी बरामद किया है। सभी छह आरोपी भिवंडी के हैं ।ठाणे पुलिस की क्राइम ब्रांच पता लगा रही है कि यह नकली नोट कब से बाजार में चलाए जा रहे थे और इनके लेने वाले कौन थे। फि लहाल इन सभी आरोपियों को पुलिस हिरासत में लिया गया है।

# नौकरी छोड़ने के बाद आईटी प्रोफेशनल ने चुराए लैपटॉप


**मुंबई।** एमएचबी पुलिस ने बोरीवली पश्चिम कार्यालय से संचालित एक बहुआयामी व्यवसायिक कंपनी से लैपटॉप चोरी करने के आरोप में 25 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी विवेक साहनी एक प्रतिष्ठित आईटी सेवा फर्म का पूर्व कर्मचारी था और उसे आउटसोर्सिंग के आधार पर शिकायतकर्ता कंपनी के आईटी विभाग में काम करने के लिए नियुक्त किया गया था। पिछले महीने कई लैपटॉप गायब होने की सूचना मिलने के बाद चोरी का पता चला। पुलिस के अनुसार



साहनी और तीन अन्य इंजीनियरों को एक प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर कंपनी से आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत कंपनी में प्रतिनियुक्त किया गया था। मार्च में अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद साहनी ने नौकरी छोड़ दी थी, जबकि अन्य तीन इंजीनियर देवीदास लेन स्थित बोरीवली कार्यालय में काम करते रहे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, पिछले महीने, तीनों इंजीनियरों ने आईटी विभाग के प्रमुख को बताया कि परिसर से सात लैपटॉप गायब हो गए हैं। व्यापक खोज के बाद कोई नतीजा नहीं निकला, टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। अधिकारी ने कहा, फुटेज में साहनी को 18 अप्रैल को खाली बैग लेकर कार्यालय में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। बाद में उन्हें उसी बैग के साथ आईटी रूम से बाहर निकलते हुए देखा गया, जो अब भरा हुआ दिखाई दे रहा है। उनकी हरकतों पर संदेह होने पर कंपनी के आईटी मैनेजर ने एमएचबी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश बलवंतराव की देखरेख में, पीएसआई नीलेश पाटिल और उनकी जांच टीम ने जांच शुरू की और साहनी को नालासोपारा में ट्रैक किया।

# मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 6 जून तक बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई हमले का मास्टर माइंड तहव्वुर राणा को एनआईए ने पटियाला हाउस कोर्ट में शुक्रवार को पेश किया। कोर्ट ने एनआईए की इस मामले में दलीलें सुनने के बाद आतंकी राणा को 6 जून तक न्यायिक हिरासत में रखने का निर्देश जारी कर दिया। मुंबई हमले के आरोपी को एनआईए की विशेष सुरक्षा सेल में रखा गया है। उसकी सुरक्षा को लेकर काफी एहतियात बरती जा रही है। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा सुरक्षा कारणों के चलते एक दिन पहले ही एनआईए की विशेष अदालत में आज पेश किया गया था। मुंबई हमले के



आरोपी राणा को तिहाड़ जेल लाया गया है। एनआईए के अधिकारी आरोपी से आतंकी हमले को लेकर कई जानकारियां जुटा रहे हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि राणा एनआईए से कॉपरेट नहीं कर रहा है। आतंकी तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को अमेरिका से भारत लाया गया था। उसे खास सुरक्षा में विशेष प्लेन से भारत लेकर आया गया था और विशेष सुरक्षा में रखा गया है। उसे स्पेशल एनआईए कोर्ट के जज चंद्रजीत सिंह ने पहले 18 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। इसे दोबारा 12 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। अब 6 जून तक राणा को कस्टडी में भेजा गया है। आरोपी राणा से मुंबई हमले को लेकर अभी और खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

# मुंबई के पत्रकार शोएब म्यानुंर की लड़की मेहजबीन म्यानुंर महाराष्ट्र ररउ बोर्ड में 70 % से पास

**मुंबई।** मुंबई के पत्रकार शोएब म्यानुंर की लड़की आज महाराष्ट्र राज्य एस एस सी बोर्ड में पास हुई है मेहजबीन म्यानुंर ने अपनी काबिलियत दिखाते हुए 70% से पास हुई है। परिवार वालों ने मेहजबीन म्यानुंर को बहुत बहुत बधाई दिए। और आगे भी इसी तरहां आगे बढ़े इस की दुआएं की। आज मुंबई हलचल, की पुरी टीम की तरफ से भी मेहजबीन म्यानुंर को बधाई दी गई।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### 3 दिन के अंदर मुंबई में होगा बम धमाका!

महाराष्ट्र पुलिस ने तुरंत इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से मुंबई पुलिस पहले से ही अत्यधिक सतर्क है। इस ई-मेल के बाद दक्षिण साइबर पुलिस को जानकारी सौंप दी गई है और वे इस संबंध में गहराई से जांच कर रहे हैं। दक्षिण मुंबई स्थित महाराष्ट्र सरकार के प्रशासनिक मुख्यालय, मंत्रालय को एक ई-मेल मिला है, जिसमें बम विस्फोट की धमकी दी गयी है। सोमवार शाम को आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष में तैनात अधिकारी को मिले गुमनाम ई-मेल में कहा गया है कि 48 घंटे के भीतर विस्फोट होगा, लेकिन इसमें किसी स्थान का उल्लेख नहीं था। पुलिस ने विशाल परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की पृष्ठभूमि में यह धमकी मिलने के कारण मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर है और एहतियात के तौर पर मुंबई के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सरकारी प्रतिष्ठान, संवेदनशील स्थान, धार्मिक स्थल, विदेशी दूतावास, और रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बम निरोधक और खोजी दस्ते संवेदनशील क्षेत्रों में जांच अभियान चला रहे हैं। रेलवे पुलिस ने भी मुंबई के प्रमुख स्टेशनों पर सघन तलाशी अभियान चलाया, जिनमें चर्चगेट, सीएसएमटी, लोकमान्य टिलक टर्मिनस, कुर्ला, मुंबई सेंट्रल, अंधेरी, चेंबूर, गोवंडी और बोरिवली शामिल है। इन स्थानों पर पुलिस द्वारा रूट मार्च भी किया गया और रेलवे स्टेशन के पुल, प्लेटफॉर्म, सुनसान इलाके, संदिग्ध व्यक्ति और बैग की गहन जांच की गई। लंबी दूरी की ट्रेनों की सुरक्षा भी विशेष रूप से जांची गई।

### 'मोबाइल वैन' शुरू करेगी महाराष्ट्र सरकार

उन्होंने कहा कि प्रायोगिक परियोजना को मुंबई शहर, मुंबई उपनगरीय, ठाणे, पुणे, नासिक और नागपुर में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बताया, सड़क पर रहने वाले बच्चों को शिक्षा व स्वास्थ्य के उनके मूल अधिकारों से वंचित करना सामाजिक अन्याय है। मोबाइल पहल बच्चों को शिक्षा, पोषण, चिकित्सा देखभाल और सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मोबाइल स्क्वाड सड़क पर रहने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों को परामर्श देंगे, बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाएंगे और अनाथ व अकेले रहने वाले बच्चों को बाल देखभाल संस्थानों में भर्ती कराएंगे। तटकरे ने आगे कहा कि मोबाइल वैन के साथ चलने वाली टीम मेडिकल जांच व उपचार की व्यवस्था करेंगी, नशामुक्ति के लिए सहायता प्रदान करेंगी, कुपोषण से पीड़ित या शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों की मदद करेंगी, स्थानीय गैर सरकारी संगठनों व पेशेवरों के माध्यम से पुनर्वास की सुविधा प्रदान करेंगी, नाबालिगों के लिए चिकित्सा एवं व्यावसायिक सेवाएं उपलब्ध कराएंगी और बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं तक पहुंच बनाने में मदद करेंगी।

### क्रिकेट के बाद राजनीति की तैयारी?

रोहित शर्मा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मुलाकात ने लोगों को बातें करने का मौका दे दिया है। इस मुलाकात के बाद अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। लोग कयास लगा रहे हैं कि रोहित शर्मा क्रिकेट के बाद राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। ये अक्सर देखने मिला है कि रिटायरमेंट के बाद क्रिकेटर्स राजनीति में आ जाते हैं। भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन से लेकर विनोद कांबली और नवजोत सिंह सिद्धू तक ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने क्रिकेट के बाद राजनीति में कदम रखा है। ऐसे में रोहित भी ऐसा कर सकते हैं, हालांकि अब तक ऐसी कोई खबर नहीं आई है।

## पीएम मोदी से पूछा, क्या अमेरिकी दबाव में 'ऑपरेशन सिंदूर' किया गया बंद?

# कांग्रेस का 'ट्रंप-कार्ड: कश्मीर मसले में मध्यस्थता की बात कहना बहुत ही गंभीर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता और संघर्ष विराम से जुड़े हालिया बयानों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को निराशाजनक बताते हुए भारत-पाकिस्तान के बीच अचानक संघर्ष विराम की घोषणा पर हैरानी जतायी। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से पूरा देश आश्चर्यचकित है।

### पीएम की चुप्पी से ट्रंप के हौसले बढ़े

गहलोत ने कहा कि ट्रंप भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू में क्यों तौल रहे हैं। पीएम मोदी के संबोधन से पहले ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि उन्होंने दोनों देशों को व्यापार बंद करने का डर दिखाकर संघर्ष विराम करने को कहा। उन्होंने ट्रंप के उस बयान पर भी आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने



कश्मीर मुद्दे को सुलझाने के लिए मध्यस्थता की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारत की नीति शिमला समझौते के बाद से द्विपक्षीय मामलों में किसी बाहरी हस्तक्षेप के विरोध में रही है, ऐसे में ट्रंप के यह बयान गंभीर चिंता के विषय हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार की चुप्पी ने डोनाल्ड ट्रंप के हौसले बढ़ा दिए हैं।

उन्होंने पूछा कि ट्रंप के बयानों पर मोदी सरकार चुप क्यों है? क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' अमेरिका के दबाव में स्थगित किया गया? उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम करना ही था तो प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री स्तर पर बात होनी चाहिए थी, जिसमें पाकिस्तान से उसकी धरती पर आतंकी अड्डे न पनपने देने का ठोस आश्वासन लिया जाता।

### *इंदिरा गांधी अमेरिकी धमकी के आगे नहीं झुकीं, तोड़ दिया था पाकिस्तान*

*गहलोत ने याद दिलाया कि अमेरिका ने हमेशा भारत पर दबाव डालने का प्रयास किया। 1971 के युद्ध के दौरान बंगाल की खाड़ी में सातवां नौसेना बेड़ा तैनात करके अमेरिका ने भारत को धमकाने की कोशिश की थी। इसके बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आगे बढ़कर पाकिस्तान को दो टुकड़ों में तोड़ दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुश्किल घड़ी में केंद्र सरकार का साथ दिया, लेकिन अचानक संघर्ष विराम से सब कुछ बदल गया और पाकिस्तान में पनपने वाले आतंकवाद को हमेशा के लिए खत्म करने का मौका गंवा दिया गया। भारत को पाकिस्तान की ऐसी स्थिति करनी चाहिए थी कि वह आतंकी हमले करने के काबिल न रहे, लेकिन अचानक संघर्ष विराम से देश हैरान रह गया। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम के बाद भी पाकिस्तान के हमले जारी रहे। सवाल उठता है कि जब हमारी सेना पाकिस्तान को धूल चटा रही थी, तो अचानक संघर्ष विराम की घोषणा क्यों कर दी गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नैतिक अधिकार व नैतिक साहस दोनों खो दिए हैं।*

### भारत के साथ कोई देश खुलकर क्यों नहीं खड़ा हुआ?

उन्होंने देशवासियों की विभिन्न शंकाओं को दूर करने के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी पार्टी की मांग दोहराई। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि विपक्ष के समर्थन के बावजूद वे सर्वदलीय बैठक में क्यों शामिल नहीं हुए। उन्होंने आगे कहा कि तीसरी सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री आएंगे तो देश में अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि पहलगाम हमले को लेकर कितने राष्ट्र हमारे साथ खड़े रहे। अजरबैजान व तुर्की पाकिस्तान के साथ आए, लेकिन हमारे साथ कोई देश खुलकर खड़ा नहीं हुआ। देश यह भी जानना चाहता है कि प्रधानमंत्री मोदी पर किस प्रकार का दबाव है कि वे कोई स्पष्टीकरण नहीं दे पा रहे हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने जब राष्ट्र के नाम संबोधन दिया तो उम्मीद थी कि वे इन बातों पर जवाब देंगे, लेकिन वे इनपर कुछ बोले ही नहीं।

## कुपवाड़ा में लोगों से मिले सीएम उमर अब्दुल्ला

# नुकसान के आंकलन के बाद मुआवजा देने का किया वादा

मुंबई हलचल / श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कुपवाड़ा जिले में पाकिस्तानी गोलीबारी से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार नुकसान का आंकलन पूरा होने के बाद मुआवजा देगी। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से किसी की जान नहीं गई है, लेकिन घरों, दुकानों और मदरसों जैसी सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। अब हम एलओसी और सीमा क्षेत्रों में व्यक्तिगत बंकर भी बनवाने की कोशिश करेंगे। प्रशासन जल्द



ही नुकसान का आकलन पूरा कर लेगी। उसके बाद सरकार मुआवजा जारी करेगी। हमने सामूहिक बंकर बनाए थे, लेकिन उनका लंबे समय से उपयोग नहीं हुआ। अब हम लाइन ऑफ कंट्रोल और सीमा क्षेत्रों में व्यक्तिगत बंकर भी बनवाने की कोशिश करेंगे।

## भारत और अमेरिका बीटीए पर करेंगे वार्ता

# 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 500 डॉलर करने पर बनेगी रणनीति

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों का एक दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ 17 मई से वाशिंगटन में चर्चा करेगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपनी यात्रा के दौरान गोयल के अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठक करने की उम्मीद है। दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने के लिए समझौते



पर बातचीत कर रहे हैं। यह चार दिवसीय वार्ता (17-20 मई) ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश इस वर्ष सितंबर-अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देंगे। देने से पहले 'शीघ्र पारस्परिक लाभ' सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं।

## मंत्री शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी से सोशल मीडिया पर भड़के लोग

# भाजपा हाईकमान के निर्देश पर मप्र में पार्टी के संगठन महामंत्री ने शाह को कड़ी हिदायत दी

कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित और असभ्य टिप्पणी के बाद मंत्री शाह ने मांगी माफी

कांग्रेस सहित विपक्ष की कई पार्टियों ने जतायी आपत्ति, पीएम से की माफी की मांग

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चर्चा में आई कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री विजय शाह ने विवादित टिप्पणी की तो सोशल मीडिया पर लोग गुस्से से भड़क उठे। मंत्री के आपत्तिजनक बयान पर भाजपा ने कठोर रूख अपनाया। विजय शाह ने माफी मांगकर अपने बिगड़े बोलों की आग पर पानी डालने की कोशिश तो की पर लोगों की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सोशल मीडिया पर लोग मंत्री विजय शाह की जमकर क्लास लगा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार सोशल मीडिया पर यह मुद्दा भाजपा के लिए किरकरी की वजह बना तो नई दिल्ली से पार्टी हाईकमान ने भोपाल में मध्यप्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को निर्देश दिया कि मंत्री शाह को कड़ी हिदायत दी जाए। बयान के कुछ घंटों बाद ही मंत्री विजय शाह को भोपाल बुला लिया गया। भाजपा कार्यालय में संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने उनसे बंद कमरे में मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व ने मंत्री के बयान को लेकर गंभीर असंतोष जताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है, सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मंत्री के इस बयान पर नाराजगी जताई है और कड़ी शब्दों में समझाइश दी है।

विवाद गहराने और पार्टी की नाराजगी के बाद विजय शाह ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए कहा, अगर मेरे बयान से कोई समाज या कर्नल सोफिया कुरैशी आहत हुए हैं तो मैं 10 बार माफी मांगता हूं। कर्नल सोफिया मेरी बहन जैसी हैं। मेरा खुद का परिवार भी सैन्य पृष्ठभूमि से है और हमने भी देश के लिए बलिदान दिया





है।वीडियो वायरल होने पर भाजपा के मंत्री के खिलाफ लोगों ने भड़ास निकाली है। वहीं कांग्रेस ने पीएम मोदी और मंत्री विजय शाह से माफी की मांग की है।

दरअसल, भाजपा नेता विजय शाह ने यह बयान सोफिया कुरैशी के धर्म को जोड़कर दिया गया है। बता दें कि मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बीजेपी के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। मंच से मंत्री विजय शाह ने कहा कि जिन लोगों ने हमारे देश के लोगों के कपड़े उतारे हमने उनकी समाज की बहन को भेजकर ऐसी तैसी करवा दी। दरअसल, जिस समय मंच से मंत्री ने यह बयान दिया था उस समय मंच पर केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ विधायक उषा ठाकुर भी मौजूद थीं।

भाजपा के मंत्री विजय शाह का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कांग्रेस ने एक्स पर मंत्री का वीडियो शेयर करते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- हमारी सेना की जांबाज बेटियां आतंकवादियों की बहन हैं। ये घटिया बात मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने कही है। भारत की जिन बेटियों पर सबको नाज है, उन बेटियों को लेकर ये शर्मनाक बयान दिया गया है। उन्हें आतंकवादियों की बहन बताया गया है। ये हमारी पराक्रमी सेना का अपमान है।

कांग्रेस ने एक्स पर आगे लिखा- ऐसे में सवाल है कि जो विजय शाह खुद को नरेंद्र मोदी का बेहद करीबी बताता है, उन्हें अपना मार्गदर्शक कहता है।

क्या भाजपा उसका इस्तीफा लेगी? क्या प्रधानमंत्री शाह की इस ओछी सोच के लिए माफी मांगेंगे? या हर बार की तरह इस घटिया सोच के लिए विजय शाह का भी प्रमोशन किया जाएगा, उसके समर्थन में रैलियां निकाली जाएंगी?

राजद ने बीजेपी नेता विजय शाह का एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा- देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी को निर्लज्ज भाजपाई मंत्री "पाकिस्तानियों की बहन" कह रहा है! ऐसी संघी सोच के रहते भारत और पाकिस्तान की सोच में क्या अंतर रह जाएगा? भाजपा को नहीं पता कि भारतीय सेना में केवल कर्म, कर्तव्य, समर्पण और दायित्व का महत्व है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दी नसीहत


# सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए कैशलेस सही अर्थों में लागू करें



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को मंगलवार को निर्देश दिया कि वह सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस (नकदी रहित) उपचार योजना को सही अर्थों में लागू करे। इस योजना के तहत प्रत्येक दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज पाने का हकदार होगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केंद्र को अगस्त के अंत तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें योजना के क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हो। क्रियान्वयन रिपोर्ट में इस योजना के तहत कैशलेस उपचार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या शामिल होगी। पीठ ने कहा कि हम केंद्र को निर्देश देते हैं कि वह सुनिश्चित करे कि योजना को सही अर्थों में लागू किया जाए।

## जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद मामले में निर्णय सुरक्षित



**प्रयागराज।** संभल स्थित जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपना निर्णय मंगलवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी के वकीलों, मंदिर पक्ष से हरिशंकर जैन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। 5 मई को एएसआई के वकील ने अपना जवाबी हलफनामा दाखिल किया था जिस पर अदालत ने मस्जिद कमेटी के वकील को 'रिज्वाइंडर' दाखिल करने का समय दिया था और सुनवाई की अगली तारीख 13 मई तय की थी।

## खुदरा मुद्रास्फीति दर घटकर 3.16 प्रतिशत पर आई

# 6 साल में पहली बार खुदरा महंगाई सबसे कम! सब्जियों सहित खाने-पीने की चीजें हुई सस्ती

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में एक और कटौती की पर्याप्त गुंजाइश बन गई है।

मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। मार्च, 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े संतोषजनक दायरे में

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 1.78 प्रतिशत पर आ गई, जो अक्टूबर, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत रही थी जबकि एक साल पहले अप्रैल में यह 8.7 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बने हुए हैं।

## रेपो दर में एक और कटौती की गुंजाइश बन गई

### खास बातें

- जुलाई 2019 के बाद खुदरा मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर
- जुलाई, 2019 में खुदरा महंगाई 3 .15 प्रतिशत थी



### अब आरबीआई पर है नजर

अप्रैल में आई इस राहत के बाद अब सभी की नजर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया पर है। पिछले महीने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट 6 फीसदी कर दिया था, और अब उम्मीद की जा रही है कि जून में एक और कटौती हो सकती है।

### जीडीपी में थोड़ी गिरावट

हाल ही में आरबीआई ने अपने 2025-26 के जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। इसकी वजह बताई गई है वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एशिया पर भारी टैरिफ लगाने की आशंका। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के मुताबिक, अब फोकस सिर्फ महंगाई कंट्रोल करने से हटकर क्रेडिट ग्रोथ और इकनॉमिक सपोर्ट की ओर जा सकता है।

### खाने की चीज़ों के दाम कुछ थमे

*अप्रैल 2025 में फूड इंफ्लेशन गिरकर 1.78 फीसदी पर आ गई। मार्च में ये 2.69 फीसदी थी और फरवरी में 3.75 फीसदी। यानी थाली कुछ हद तक सस्ती हुई है। लेकिन सब कुछ नहीं, तेल, फल और दूध जैसी चीज़ें अब भी महंगी बनी हुई हैं।*


### कुछ चीजें महंगी भी हुई

*महीने दर महीने की बात करें, तो सबजियों, अंडों, दालों और मांस-मछली के दाम धीमी रफ्तार से बढ़े, लेकिन फल, तेल और दूध की कीमतों में उछाल जारी रहा। कुल मिलाकर, फूड एंड बेवरेजेस में सालाना 2.14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि मार्च में ये 2.88 फीसदी थी।*

### 4 फीसदी से नीचे महंगाई

*3 महीने लगातार महंगाई 4 फीसदी से नीचे रही है। ऐसा पिछले 5 सालों में पहली बार हुआ है। एक पोल में 21 अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि अप्रैल में महंगाई 3.2 फीसदी रह सकती है। जबकि असल आंकड़ा उससे भी थोड़ा नीचे रहा।*

# पत्नी और प्रेमी ने मिलकर की गला घोंटकर हत्या, पुलिस ने किया खुलासा



**संभल।** संभल के कैलादेवी थाना क्षेत्र में बिहार निवासी युवक गुगली भगत की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। प्रेम संबंध में बाधा बनने पर मृतक की पत्नी पूजा और उसके प्रेमी गितेश ने मिलकर गुगली की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को खेत में दफनाया गया था। पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। जांच में सामने आया है कि बिहार के बालू टीला गांव का रहने वाला गुगली भगत (35) अपनी पत्नी पूजा और चार बच्चों के साथ गाजियाबाद में रहता था। वहीं, गाजियाबाद में मजदूरी करने वाले गितेश से उसकी दोस्ती हो गई थी। इसी दौरान गितेश की नजदीकियां पूजा से बढ़ गईं। होली पर गुगली अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गितेश के गांव आया था। वहां करीब 10-12 दिन तक रुका। इस दौरान गुगली को अपनी पत्नी के अवैध संबंधों की भनक लग गई, जिससे दोनों के बीच विवाद और मारपीट होने लगी। घटना से सात दिन पहले पूजा अपने ढाई साल के बेटे को लेकर गाजियाबाद से गितेश के गांव आ गई। कुछ दिन बाद गुगली भी अपनी तीन बेटियों को लेकर वहां पहुंच गया। घटना सात मई की रात करीब 11 बजे की है। गितेश और गुगली के बीच पूजा को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद गुगली सोने चला गया। उसी रात गितेश और पूजा ने मिलकर गुगली का गला रस्सी से घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। बाद में गितेश ने अपने भांजे पंकज को बुलाकर शव को खेत में दफन कर दिया। आरोपियों ने गुगली के शव को नत्थू के खेत में 500 मीटर दूर ले जाकर फावड़े से गड्ढा खोदकर उसमें दफना दिया। अगले दिन पुलिस ने जब शव बरामद किया, तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने गितेश और पूजा को नारंगपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रस्सी और फावड़ा भी बरामद कर लिया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। वहीं, तीसरा आरोपी पंकज अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# मानसिक तनाव को मिनटों में दूर करनेवाली थेरेपी

बिजी शेड्यूल के चलते अक्सर आप अपने खान-पान का ख्याल नहीं रख पाते है। जिसके कारण शरीर को कई तरह की परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। खान-पान का ठीक से ख्याल न रखने पर मानसिक तनाव, अनिंद्रा, कमजोरी जैसी समस्याएं हो जाती है। ऐसे में आप इनसे छुटकारा पाने के लिए विशेषज्ञों के द्वारा अपनाई गई क्रिस्टल थेरेपी को यूज कर सकते है।

**1. क्रिस्टल का उपयोग**


यह क्रिस्टल हीट कंडक्ट करते है, जिससे शरीर में ऊर्जा पैदा होती है। थेरेपी करने के लिए आपको पारदर्शी पत्थरों या ट्रांसपेरेंट क्रिस्टल की जरुरत पड़ेगी। इन पत्थरों को शरीर के दर्द वाले हिस्से पर घुमाने से दर्द जल्दी गायब हो जाता है। शारीरिक दर्द के अलावा इससे ऐंठन, जकड़न व मानसिक तनाव की समस्या भी दूर हो जाती है।

**2. सर दर्द का कारण**

ज्यादातर सिर दर्द तनाव, मन व शरीर की थकावट, अपर्याप्त नींद, अत्यधिक शोर, जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण होती है। इसे दूर करने के लिए आप नीलम, एम्बर या फि रोजा क्रिस्टल को सर पर रखें। इससे सिर दर्द मिनटों में ठीक हो जाएगा।

**3. नींद पूरी न होना**

एक अच्छी नींद दिमाग को तरोताजा करने और शरीर के दूसरे अंगों को आराम देने के लिए बहुत जरूरी है। क्रिस पेरेज रोज क्वाट्र्ज, सिट्रीन या नीलम जैसे क्रिस्टल को अपने तकिए के नीचे रखने से आपका मन शांत होगा और आप आराम अपनी नींद पूरी कर सकते है।



**4. कमजोरी**

इन क्रिस्टलों के अंदर रसायन-खनिज होने से शरीर को उर्जा मिलती है। रोजाना 15-20 मिनट मुंह उपर करके इसे पकड़ने से शरीर में ऊर्जा का तुरंत प्रसार होता है। जिससे कमजोरी जैसी समस्याएं दूर होती है। इसके लिए डीप रेड गार्नेट, गोल्डन एम्बर या गोल्डन-पीला पुखराज क्रिस्टल का इस्तेमाल करना चाहिए।

**5. संतुलित करना**

क्रिस्टल हीलिंग करते समय जब आप क्रिस्टल को शरीर पर रखते हैं तब कुछ क्रिस्टल शरीर पर बहुत भारी, हल्के, गरम और ठंडे महसूस होते है। जिससे पता चलता है कि शरीर के किस हिस्से में कितना असुंतलन है और उसे किस तरह से संतुलित किया जाए।



# ऐसे करें एक्ने का जड़ से सफाया

खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। अगर फिर भी फेस पर पिपंल निकल आए तो चेहरा भद्दा दिखने लगता है। बहुत सी लड़कियां तो इनको दबाकर निकालने की कोशिश करती है, जिससे त्वचा पर निशान पड़ जाते है। ऐसा करने की बजाए आप इसे जड़ से खत्म करने के लिए घरेलू उपाए भी कर सकती है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ घरेलू उपाए बताने जा रहें है जिससे एक्ने को आप जड़ से खत्म कर सकते है।

**1. टूथपेस्ट का इस्तेमाल**

टूथपेस्ट का इस्तेमाल आप दांत साफ करने के लिए करते है लेकिन इसका प्रयोग पिपंल पर भी किया जा सकता है। रात को सोने से पहले इसे मुंहासों पर लगा लें। यह मुंहासो को ठंडा करके सुखा देता है। जिससे पिपंल जल्दी ठीक हो जाता है।

**2. घरेलू उपाए**

ऑयली चेहरे पर मुंहासो की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। मुलतानी मिट्टी में नींबू और पुदीने के पत्तों का रस मिलाकर लगाने से चेहरे पर ऑयल कम हो जाता है। इसके अलावा फेस पर पिपंल निकल आने पर नीम और हल्दी का पेस्ट भी लगा सकते है।

**3. फेसवॉश**

अधिक ऑयल और बैक्टीरिया के कारण चेहरे पर एक्ने बनते हैं। ऐसे में चेहरे को दिन में 1-2 बार ठंडे या गुनगुने पानी से माइल्ड साबुन लगाकर धोएं। फेसवॉश यूस करते समय भी ध्यान रहे कि वो सलिसीक्लिक एसिड वाला हो। यह एंटी बैक्टीरियल होता है जो डेड स्किन को हटाने में मदद करता है।

**4. बंद पोर्स**

डेड स्किन के कारण पोर्स को बंद कर देती है जिससे एक्ने बनने में देर नहीं लगती। स्किन के बंद पोर्स को खोलने के लिए कैलेमाइन का इस्तेमाल करें। यह मॉइश्चराइजर ऑयली स्किन को डाई कर देता है जिससे एक्ने नहीं निकलते।

**5. चंदन पाउडर**

चंदन पाउडर को पिंपल पर 2-3 घंटों के लिए लगा कर चेहरे को ठंडे पानी से धो कर सूखा लें। इससे आपका चेहरा फ्रेश हो जाएगा और पिपंल भी दोबारा नहीं निकलेगा। इसके अलावा कपूर को हाथों में मसलकर पिपंल पर लगा लें और थोड़ी बाद ठंडे पानी से चेहरा को धो लें।

# Eyelash Extension करवाते समय ध्यान रखें ये बातें



सेलिब्रिटी की तरह स्टाइलिश और खूबसूरत कौन दिखना पसंद नहीं करेगा। हर लड़की चाहती है कि वह सेलिब्रिटीज की तरह ग्लैमरस दिखें। इसलिए अपने चेहरे की खास देखभाल करती है। हर वो फैशन ट्रेंड फॉलो करती है जो उनकी पर्सनैलिटी को निखार सकें लेकिन आज हम आई मेकअप की बात कर रहे है। अपना आई मेकअप करते समय लड़कियां नकली पलकों का इस्तेमाल करती है ताकि इससे आंखें बड़ी और अट्रैक्टिव दिखें। इन दिनों सिल्क, सिंथेटिक और मिंक स्टाइल के लैश एक्सटेंशन ज्यादा इस्तेमाल किए जा रहें। अगर आप भी एक्सटेंडेड पलके यानी आईलैश एक्सटेंशन करती है तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें ताकि किसी भी तरह के इंफैक्शन से बचा जा सकें।

☞ अच्छी क्वालिटी और ब्रैंड के आईलैशेज खरीदें ताकि इससे आंखों को किसी प्रकार का कोई नुकसान न पहुंच सकें।

☞ आईलैश एक्सटेंशन खदीदने से पहले उसे ट्राई करके देंखे क्योंकि हो सकता है कि इससे आपको कोई एलर्जी या किसी तरह की परेशानी हो।

☞ हमारी आईलिड बहुत ज्यादा नाजुक होती है इसलिए बढ़िया क्वालिटी के साथ-साथ हल्के आईलैश भी खरीदें।आप मिंक आईलैशेज भी खरीद सकते है।

☞ ध्यान रखें कि आईलैशेज लगाने के करीब 24 घंटे तक आंखों पर पानी न लगने दें।अपने आईलैशेज को लंबे समय तक चलाना चाहती हैं तो नियमित टचअप करें क्योंकि उनके गिरने का खतरा बना रहता है।

☞ अगर आपको आईलैशेज की पुरी जानकारी है तो ही उसे उंतारने की कोशिश करें। नहीं तो इस काम में किसी एक्स्पर्ट की मदद जरूर लें।

☞ आईलैश एक्सटेंशन करवाते समय एक्सर्ट से अच्छी क्वालिटी की ग्लू के बारे में पूछें।सॉल्यूशन वाली ग्लू का इस्तेमाल बिलकुल ना करें।

# स्किन और बालों के लिए बेस्ट है पुदीना

पुदीना हर रसोई में इस्तेमाल किया जाने वाला हर्ब है। इसकी खूशबू खाने का स्वाद तो बढ़ाती ही है साथ ही यह औषधिय गुणों से भी भरपूर है। फाइबर, मैग्नीशियम, कैल्शियम,आयरन,पोटाशियम और विटामिन जैसे पोषक तत्व शामिल होते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं। पुदीने का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है और हड्डियों भी मजबूती होती है। इसके एंटी बैक्टीरियल गुण सेहत के



साथ-साथ ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद है और इससे त्वचा हर तरह के संक्रमण से बची रहती है। स्किन के अलावा पुदीना हेयर प्रॉब्लम को भी दूर करता है।

**खुले पोर्स करें बंद**

धूल-मिट्टी से चेहरे के पोर्स में गंदगी जमा होने लगती है, जिससे त्वचा पर कील,मुंहासे और रूखापन आ जाता है। पुदीना इस तरह की परेशानी के लिए सस्ता और असरदार उपाय है। यह पोर्स को टाइट करने का साथ-साथ चेहरे को फ्रैश भी रखता है। 1 टेबलस्पून पुदीने का पेस्ट, 1 टीस्पून खीरे का पेस्ट, 1 टीस्पून दही और 1 टीस्पून नींबू का रस मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इसे 20 मिनट के लिए चेहरे पर लगा कर रखें।



92%4
PERCENTAGE
Maharashtra Board

# CONGRATULATIONS ON PASSING CLASS 10!

## SHAIKH MOHAMMAD RAUSHAN ZULFIKAR ALI

Your hard work has paid off – now it's time to aim higher and dream bigger!

*"This is not the end,*
*It's just the beginning of a beautiful journey.*
*Keep believing, keep achieving!"*

MAY YOUR FUTURE BE FULL OF NEW OPPORTUNITIES AND SUCCESS!

BEST WISHES FOR YOUR NEXT ADVENTURE!